Sh. Vivek Chandel, Director, Technical Education Honoring Suraj Chauhan student of Sakar Special School for selection in Berlin Special Olympics.

kyoto japan

News Clips:-

साकार स्कूल सुंदरनगर का सूरज जर्मनी में खेलेगा स्पेशल ओलंपिक

तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल ने किया सम्मानित

डेली हिमाचल न्यूज

मंडी। जर्मनी के बर्लिन में 17 से 25 जून तक होने वाली विशेष ओलंपिक समर गेम्स में भारतीय यूनिफाइड वालीबाल टीम में मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल के मैरमसित के 22 वर्षीय सूरज चौहान का चयन हुआ है। स्कूल के विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर उसे सम्मानित करने के लिए साकार स्कूल द्वारा सोमवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल ने सूरज को सम्मानित किया। सूरज के साथ हिमाचल से अविनाश कौंडल धावक, राज कुमार कोच बास्केटबॉल, अमन शर्मा कोच हैंडबॉल और शमशेर सिंह सहायक के रूप में जाएंगे। स्कूल की अध्यक्ष शीतल शर्मा ने बताया कि साकार स्कूल कई वर्षों से विशेष बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए काम कर रहा है। सूरज का विशेष ओलंपिक के लिए चयन होना स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। सूरज की माता द्रोपदी ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नही थी कि उनका बेटा इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करेगा। उन्होंने सरकार से उनके परिवार की माली हालत सुदृढ़ करने के लिए उनके बच्चे को सरकार नौकरी प्रदान करने का आग्रह किया है। संस्था के सरंक्षक नरेंद्र सिंह खरबंदा ने भी अपने विचार साझा किए। इससे पहले शिमला के राज भवन में प्रदेश के राज्यपाल प्रताप शुक्ल ने भी इस उपलब्धि के लिए सूरज और बास्केटबाल खिलाड़ी अवनीश को राजभावन में सम्मानित किया था। इस अवसर पर साकार स्कूल कमेटी के संस्थापक महेश शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, स्कूल की प्रधानाचार्या पवना, हेम सिंह ठाकुर व सुनील सहित स्कूल का स्टाफ और विशेष बच्चे उपस्थित रहे।

तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल सूरज को सम्मानित करते हुए।